स्वाध्यायी पाठ्यक्रम संचालित करने एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

1. स्वाध्यायी पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के नियमित अध्यादेशों के अनुरूप संचालित होंगे।

2. स्वाध्यायी पाठ्यक्रम का पाठ्यक्रम विवरण (SYLLABUS) एवं परीक्षा योजना विश्वविद्यालय के आफिशियल वेबसाईट www.cvru.ac.in में देखी जा सकती है।

3. संचालित स्वाध्यायी पाठ्यक्रमों की सूची, निर्धारित न्यूनतम योग्यता, समय अवधि, आवश्यक नांमाकन शुल्क एवं परीक्षा शुल्क के साथ विश्वविद्यालय के आफिशियल वेबसाईट पर उपलब्ध है।

4. स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में विश्वविद्यालय की परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्दिष्ट तिथियों में अपना नामांकन/प्रवेश/पंजीयन फार्म निर्धारित नामांकन शुल्क/पंजीयन शुल्क के साथ विश्वविद्यालय के पोर्टल या विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराना आवश्यक होगा।

5. स्वाध्यायी विद्यार्थियों के अपने नामांकन/प्रवेश/पंजीयन फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ अपना स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, प्रवजन प्रमाण पत्र तथा गेप सर्टिफिकेट की मूल प्रति जमा करना आवश्यक होगा।

6. स्वाध्यायी पाठ्यक्रमों में परीक्षा योजना अनुसार असाईनमेंट के प्रश्नों का उत्तर लिखकर असाईनमेंट फाईल विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराना आवश्यक होगा।

7. स्वाध्यायी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत विद्यार्थियों को पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही साथ विद्यार्थी स्वैच्छिक रूप से आवश्यकतानुसार परामर्श कक्षा का लाभ ले सकता है। परामर्श कक्षायें विश्वविद्यालय परिसर में संपादित होगी।

8. प्रायोगिक विषय वाले पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को प्रायोगिक कक्षा में उपस्थित होना एवं आवश्यक प्रायोगिक फाईल संबंधित विभागों में जमा कराना आवश्यक होगा।

9. आवश्यक असाईनमेंट फाईल व प्रायोगिक फाईल जमा करने के उपरांत ही स्वाध्–यायी विद्यार्थी के रूप में नामांकित/पंजीकृत विद्यार्थी जारी अधिसूचना के अनुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ परीक्षा फार्म जमा कर सकेगा।

10. विश्वविद्यालय में नामांकित/पंजीकृत स्वाध्यायी विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केंद्र निर्धारित किया जावेगा। सामान्य रूप से स्वाध्–यायी विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय का कैम्पस होगा।

11. स्वाध्यायी विद्यार्थी नामांकन कराने हेतु विवरणिका / नांमाकन / पंजीयन फार्म विश्वविद्यालय के वेबसाईट से या विश्वविद्यालय परिसर से प्राप्त कर सकता है एवं नामांकन / पंजीयन हेतु आवेदन पत्र को सीधे विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग में जमा करना होगा।

12. स्वाध्यायी पाठ्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल से या विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से परीक्षा फार्म ले सकते है। परीक्षा फार्म को पूर्णरूप से भरकर आवश्यक दस्तावेंजों एवं परीक्षा शुल्क के साथ जमा करना होगा।

13. स्वाध्यायी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की पात्रता नहीं होगी।